उत्तराखण्ड शासन

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–3

संख्या– F/311603/25 /XXVIII-(3)/2025 –efile-62672/2023

देहरादून, दिनांकः 04 जुलाई, 2025

कार्यालय ज्ञाप

एन०एच०एम० कार्ययोजना (आर०ओ०पी०) में वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य के परिप्रेक्ष्य में वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 हेतु स्वीकृत जनपद ऊधमसिंह नगर में उपजिला चिकित्सालय काशीपुर एल०डी० भट्ट में 200 शैय्यायुक्त चिकित्सालय के निर्माण कार्य हेतु कार्यालय ज्ञाप संख्याः I/235247/2024, दिनांक 28.08.2024 द्वारा कार्यदायी संस्था उत्तराखण्ड पेयजल निगम, निर्माण इकाई, हल्द्वानी नामित की गयी थी।

2. मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, देहरादून द्वारा किये गये अनुरोध दिनांकः 02.06.2025 के क्रम में जनपद ऊधमसिंह नगर में उपजिला चिकित्सालय काशीपुर एल०डी० भट्ट में 200 शैय्यायुक्त चिकित्सालय के निर्माण कार्य हेतु पूर्व में नामित कार्यदायी संस्था उत्तराखण्ड पेयजल निगम, निर्माण इकाई, हल्द्वानी के स्थान पर उत्तराखण्ड पेयजल निगम, निर्माण इकाई, ऊधमसिंह नगर को कार्यदायी संस्था नामित किया जाता है।

3. कार्यालय ज्ञाप संख्याः I/235247/2024,दिनांक 28.08.2024 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाय। शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत प्रभावी रहेंगे।

Digitally signed by Rajan Rajesh Kumar
Date: 04-07-2025 15:57:34

(डॉ० आर0 राजेश कुमार)

सचिव

संख्या एवं तिथि तदैव।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव, मा० चिकित्सा मंत्री, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड को मा० विभागीय मंत्री जी के संज्ञानार्थ।
2. सचिव, नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।

3. सचिव, वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन।

4. महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, उत्तराखण्ड, कौलागढ़, देहरादून।

5. आयुक्त, गढ़वाल एंव कुमाऊँ मण्डल, उत्तराखण्ड।

6. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून।

7. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड, देहरादून।

8. जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड।

9. निदेशक, कोषागार, पेंशन एवं हकदारी, 23 लक्ष्मी रोड, उत्तराखण्ड ।

10. संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन।

11. मुख्य चिकित्साधिकारी, ऊधमसिंह नगर उत्तराखण्ड।

12. मुख्य कोषाधिकारी, ऊधमसिंह नगर उत्तराखण्ड।

13. गार्ड फाईल।

Digitally signed by Krishna Kumar Shukla
Date: 04-07-2025 16:40:20

(कृष्ण कुमार शुक्ल)

उप सचिव